आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 06.02.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए देश के विकास मॉडल और सरकार की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– राष्ट्रीय खेलों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं से प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी।
- भूकंप के अर्ली वॉर्निंग सिस्टम के लिए राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने भूदेव एप तैयार किया।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों का रोमांच जारी, निशानेबाजी, तीरंदाजी और ट्रैक साईकिलिंग में आज जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले।

प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए देश के विकास मॉडल और सरकार की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद भारत को शासन का एक नया वैकल्पिक मॉडल मिला है, जो तुष्टिकरण के बजाय संतुष्टि पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ''नेशन फर्स्ट'' के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है, जिसे जनता ने परखा, समझा और समर्थन दिया है।

प्रधानमंत्री ने कर प्रणाली में बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि 2013 में केवल दो लाख रुपये तक की आय पर कर छूट थी, जबकि अब यह सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दी गई है। उन्होंने भारत में स्टार्टअप क्रांति की चर्चा करते हुए बताया कि आज के स्टार्टअप मध्यम वर्ग के युवाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं, और सरकार ने शिक्षा नीति में बदलाव कर मातृभाषा में पढ़ाई को प्राथमिकता दी है। बजट 2025–26 पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस बजट में चमड़ा उद्योग, फुटवियर उद्योग और अन्य छोटे क्षेत्रों को शामिल किया गया है, ताकि छोटे व्यापारियों और श्रमिकों को अधिक अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला साबित होगा।

मुख्यमंत्री रुद्रपुर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत साइकिलिंग प्रतियोगिता का अवलोकन कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिता देखने आए बच्चों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने साइकिलिंग प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही दर्शक के तौर पर साइकिलिंग प्रतियोगिता को देखा। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने और फिट इंडिया अभियान में अपना योगदान सुनिश्चित करने के लिए साइकिलिंग भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विजेता सर्विसेज की टीम को गोल्ड, पंजाब को रजत और राजस्थान की टीम को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के 11 स्थानों पर राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 14 फरवरी को संपन्न होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और राष्ट्रीय खेलों को लेकर राज्य के लोग उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राष्ट्रीय खेलों के लिए विकसित की गई विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं प्रदेश के खिलाड़ियों को और बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होंगी।

## विधानसभा सत्र

राज्य विधानसभा का सत्र 18 फरवरी से सुबह 11 बजे विधानसभा भवन देहरादून में आहूत किया जाएगा। आज विधानसभा सचिवालय ने सत्र की अधिसूचना जारी कर दी है।

## निकाय शपथ

चमोली जिले की चार नगर पालिका परिषद और छह नगर पंचायतों के अध्यक्ष व पार्षदों ने आज शपथ लेते हुए अपना पदभार ग्रहण किया। जिला मुख्यालय गोपेश्वर में बस स्टेशन पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अपर जिलाधिकारी चमोली विवेक प्रकाश ने अध्यक्ष संदीप रावत के साथ ही 11 वार्डों के पार्षदों को शपथ दिलाई। उधर, पिथौरागढ़ नगर निगम की नवनिर्वाचित मेयर कल्पना देवलाल ने नगर निगम के पहले मेयर के तौर पर आज पद और गोपनीयता की शपथ ली। रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## आपदा प्रबंधन

भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील उत्तराखंड राज्य में अर्ली वॉर्निंग सिस्टम तैयार किया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि विभाग ने आईआईटी रुड़की के सहयोग से भूदेव एप तैयार किया है। यह एप, रिक्टर स्केल पर पांच या इससे अधिक की तीव्रता का भूकम्प आने पर लोगों को अलर्ट करेगा। उन्होंने बताया कि भूदेव एप को डाउनलोड करने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

## राष्ट्रीय खेल

प्रदेश में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल पूरे जोश और उमंग के साथ जारी हैं। देशभर से आए खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे हर दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। आज का दिन भी शानदार खेलों से भरा रहा, जहां निशानेबाजी, तीरंदाजी और ट्रैक साइकिलिंग में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। तीरंदाजी में आज कांटे की टक्कर देखने को मिली। रिकर्व पुरुष वर्ग में पश्चिम बंगाल के जुयेल सरकार ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि सर्विसेज को रजत और सिक्किम को कांस्य पदक मिला। महिला रिकर्व स्पर्धा में झारखंड की स्टार तीरंदाज दीपिका कुमारी ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में बिहार ने रजत और झारखंड ने कांस्य पदक हासिल किया। रिकर्व मिक्स्ड टीम इवेंट में महाराष्ट्र ने स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह, रिकर्व पुरुष टीम इवेंट में झारखंड ने स्वर्ण पदक जीता। रुद्रपुर के मनोज सरकार स्टेडियम, शिवालिक वेलो ड्रोम में ट्रैक साइकिलिंग की प्रतियोगिताएं भी बेहद रोमांचक रहीं। महिला टीम परस्यूट 4000 मीटर में हरियाणा ने स्वर्ण पदक जीता। महिला केरिन डिस्टेंस (5 लेप) में कर्नाटक की कीर्ति रंगास्वामी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

रेखा आर्या

खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज पौड़ी जिले के फूल चट्टी में आयोजित एक्सट्रीम सलालम प्रतियोगिताओं के फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबले देखे। खेल मंत्री ने फाइनल मुकाबले के बाद पदक विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। एक्सट्रीम सलालम की के–वन पुरूष फाइनल इवेंट में टिहरी जिले के निवासी अमित थापा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत मेडल जीता है। खेल मंत्री ने अमित थापा और अन्य पदक विजेताओं को शुभाकामनाएं दीं।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरा होने पर बागेश्वर जिले में लगातार कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज डिग्री कॉलेज खेल मैदान में महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई, जिसमें 4 टीमों ने भाग लिया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों को हर क्षेत्र में सफल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।